>

Title: Need to undertake measures to control floods in rivers flowing through district West Champaran, Bihar.

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर): नेपाल के उद्गम पहाड़ी क्षेत्रों से अनेकों छोटी-बड़ी नदियां निकलती हैं और हमारे संसदीय क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के हजारों गांवों, लाखों हेक्टेयर में फैली फसलों को बर्बाद करती है। जैसे पं. चम्पारण जिला के बगहा-2 प्रखण्ड से झिखरी तथा कोशिल नदी, प्रखण्ड गौनाहां में पडई नदी एवं प्रखंड रामनगर में मसान, मनोर एवं हरहा नदियों के बाढ़ के पानी से प्रतिवर्ष हजारों हेक्टेयर में उपजी फसलों को नुकसान होता है। उपर्युक्त नदियों में इतना गाद (भराव) हो गया है कि नदी में थोड़ा पानी आने से नदी बाढ़ का रूपधारण कर लेती है और पानी गांवों की ओर पड्ढैलना शुरू हो जाता है तथा बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित होने लगते हैं, जान-माल का ख्ࣿतरा बढ़ जाता है।

अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि बाढ़ कंट्रोल समिति भेजकर बाढ़ की इस विभीषिका से आमजनों को बचाने का काम करें।